भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या 425**
दिनांक 01 अप्रैल, 2022 को उत्तर के लिए

## आंगनवाड़ी केन्द्रों में सुविधाएं

***425. श्री उत्तम कुमार रेड्डी:**
**श्रीमती मंगल सुरेश अंगड़ी:**

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने आंगनवाड़ी केन्द्र हैं तथा इन केन्द्रों में कितने बच्चे नामांकित हैं;
(ख) आंगनवाड़ी कामगारों तथा आंगनवाड़ी सहायकों को राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितना पारिश्रमिक दिया जाता है तथा बढ़ती महंगाई एवं उन्हें दिए जाने वाले अल्प वेतन के दृष्टिगत उसमें कितनी वृद्धि किए जाने का प्रस्ताव है;
(ग) राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ऐसे आंगनवाड़ी केन्द्र कितने हैं जिनके पक्के भवन हैं, जहां नल से जल की आपूर्ति होती है और शौचालय सुविधा उपलब्ध है;
(घ) प्रत्येक बच्चे के लिए राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार चावल, दालें, अनाज, तेल, सब्जियां, चीनी आयोडीनयुक्त नमक इत्यादि की कितनी-कितनी मात्रा निर्धारित की गई है; और
(ङ) राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार इन आंगनवाड़ी केन्द्रों में नामांकित प्रत्येक बच्चे को कितनी मात्रा में तथा किस स्तर की गुणवत्ता वाला भोजन दिया जाता है तथा उनके लिए अच्छी गुणवत्ता वाले भोजन की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**श्रीमती स्मृति जूबिन इरानी** **महिला एवं बाल विकास मंत्री**

(क) से (ड.) : विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत है।

**'आंगनवाड़ी केन्द्रों में सुविधाएं' विषय पर श्री उत्तम कुमार रेड्डी और श्रीमती मंगल सुरेश अंगड़ी द्वारा दिनांक 01 अप्रैल, 2022 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 425 के उत्तर के भाग (क) से (ड.) में संदर्भित विवरण**

(क) : 30.06.2021 तक की स्थिति के अनुसार आंगनवाड़ी केंद्रों में पंजीकृत बच्चों की संख्या सहित आंगनवाड़ी केंद्रों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र संख्या **अनुलग्नक-।** में दी गई है।

(ख) : जहां तक आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों और आंगनवाड़ी सहायिकाओं के मानदेय का संबंध है, सरकार ने 01.10.2018 से मुख्य आंगनवाड़ी केंद्रों में आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों का मानदेय 3000 रुपये से बढ़ाकर 4500 रुपये प्रति माह; लघु आंगनवाड़ी केंद्रों में 2250 रुपये से बढ़ाकर 3500 रुपये प्रति माह; आंगनवाड़ी सहायिकाओं का मानदेय 1500 रुपये से बढ़ाकर 2250 रुपये प्रति माह कर दिया है; तथा आंगनवाड़ी सहायिकाओं के लिए 250 रुपये प्रति माह का प्रदर्शन से जुड़ा प्रोत्साहन शुरू किया है। इसके अलावा आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को 01.04.2021 से 500 रुपये प्रति माह की दर से निष्पादन से जुड़ा प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए संशोधित दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अलावा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र भी अपने स्वयं के संसाधनों से इन कार्यकर्त्रियों को अतिरिक्त आर्थिक प्रोत्साहन/मानदेय का भुगतान कर रहे हैं।

(ग) : ऐसे आंगनवाड़ी केंद्रों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या **अनुलग्नक-।।** में दी गई है जहां पक्के भवन, नल से पानी की आपूर्ति और शौचालय की सुविधाएं हैं।

(घ) : भारत सरकार आंगनवाड़ी सेवा के तहत पूरक भोजन तैयार करने के लिए एनएफएसए के तहत रियायती दर पर राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को अनाज अर्थात गेंहूं/पौष्टिक चावल/बाजरा आवंटित करती है। पूरक पोषण के तहत लाभार्थियों के लिए रेसिपी खान-पान की स्थानीय आदतों तथा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में सरलता से उपलब्ध खाद्य सामग्री के अनुसार है।

(ड.) : राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 की अनुसूची ।। में उल्लिखित पोषण मानकों के अनुसार राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को अनाज आवंटित किया जाता है, जो इस प्रकार है :

| **क्र.सं.** | **श्रेणी** | **भोजन का प्रकार** | **कैलोरी** | **प्रोटीन** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बच्चे (6 माह से 3 वर्ष) | टेक होम राशन | 500 | 12-15 |
| 2 | बच्चे (3 से 6 वर्ष) | सबेरे का नाश्ता और गरम पका भोजन | 500 | 12-15 |
| 3 | बच्चे (6 माह से 6 वर्ष) जो कुपोषित हैं | टेक होम राशन | 800 | 20-25 |
| 4 | गर्भवती महिलाएं और शिशुवती माताएं | टेक होम राशन | 600 | 18-20 |

राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को अच्छी गुणवत्ता की खाद्य सामग्री की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार ने गुणवत्ता आश्वासन, खरीद की प्रक्रिया, ड्यूटी धारकों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों, आयुष की संकल्पनाओं के एकीकरण तथा पूरक पोषण के वितरण में पारदर्शिता, कुशलता और जवाबदेही के लिए पोषण ट्रैकर के माध्यम से डेटा प्रबंधन और निगरानी पर सुव्यवस्थित दिशा-निर्देश दिनांक 13.01.2021 जारी किए हैं। इसके तहत राज्य सरकारें/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन यह सुनिश्चित करेंगे कि उपलब्ध कराए जा रहे पूरक पोषण की गुणवत्ता खाद्य सुरक्षा के मानदंडों तथा पोषक तत्वों की संरचना के अनुरूप है। निरंतर गुणवत्ता तथा प्रति सर्विंग पोषक मूल्य का सुनिश्चय करने के लिए पूरक पोषण खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 तथा इसके तहत बनाए गए विनियमों के तहत निर्धारित मानकों के अनुरूप होना चाहिए।

एफएसएसएआई के स्वामित्व वाले/पंजीकृत/पैनलबद्ध/एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला से टेक होम राशन (न कि कच्चा राशन) की जांच की जाएगी। आंगनवाड़ी केंद्र पर या ब्लॉक स्तर पर खाद्य सामग्री की प्राप्ति के बाद आंगनवाड़ी सेवा के पदाधिकारियों द्वारा यादृच्छिक जांच की जानी चाहिए। आंगनवाड़ी सेवा के पदाधिकारी अर्थात सीडीपीओ या पर्यवेक्षक निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नमूने लेंगे और एफएसएसएआई के स्वामित्व वाले/पंजीकृत/पैनलबद्ध/एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला को जांच के लिए नमूना भेजेंगे।

गरम पके भोजन के मामले में यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि यह उचित किचन शेडों में तैयार किया जाता हो जहां पर्याप्त स्वच्छता और सुरक्षित पेयजल की व्यवस्था हो ताकि भोजन की स्वच्छता बनी रहे।

वित्त वर्ष 2021-22 के लिए खाद्यान्न का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार आवंटन **अनुलग्नक-।।।** में दिया गया है।

**अनुलग्नक-I**

''आंगनवाड़ी केन्द्रों में सुविधाएं'' विषय पर श्री उत्तम कुमार रेड्डी और श्रीमती मंगल सुरेश अंगड़ी द्वारा दिनांक 01.04.2022 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 425 के भाग (क) के उत्तर में 30.06.2021 की स्थिति के अनुसार आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) और इन केंद्रों में नामांकित बच्चों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा दर्शाते हुए अनुलग्नक

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | आंगनवाडी केंद्रों की संख्या | | कुल एसएनपी लाभार्थी बच्चे (6 महीने - 6 साल) | कुल पीएसई लाभार्थी बच्चे (3 वर्ष- 6 वर्ष) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत | क्रियाशील | | |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 55607 | 55607 | 2670523 | 85005 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 6225 | 6225 | 162040 | 87120 |
| 3 | असम | 62153 | 61715 | 3032281 | 1617562 |
| 4 | बिहार | 115009 | 112094 | 7954137 | 3722042 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 52474 | 51586 | 2167832 | 1104817 |
| 6 | गोवा@ | 1262 | 1262 | 58786 | 0 |
| 7 | गुजरात | 53029 | 53029 | 3491999 | 1617467 |
| 8 | हरियाणा | 25962 | 25962 | 1104102 | 430768 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 18925 | 18925 | 395586 | 35919 |
| 10 | झारखंड | 38432 | 38432 | 1322676 | 602274 |
| 11 | कर्नाटक | 65911 | 65911 | 4073309 | 637111 |
| 12 | केरल | 33318 | 33115 | 1138541 | 503352 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 97135 | 97135 | 5010369 | 726594 |
| 14 | महाराष्ट्र | 110486 | 109832 | 6723371 | 2421736 |
| 15 | मणिपुर@ | 11510 | 11510 | 337890 | 0 |
| 16 | मेघालय | 5896 | 5896 | 437993 | 222012 |
| 17 | मिजोरम | 2244 | 2244 | 99646 | 21890 |
| 18 | नागालैंड | 3980 | 3980 | 365646 | 178939 |
| 19 | उड़ीसा | 74154 | 73172 | 3211253 | 1549932 |
| 20 | पंजाब | 27314 | 27304 | 887635 | 285497 |
| 21 | राजस्थान | 62010 | 61625 | 3440482 | 1340612 |
| 22 | सिक्किम@ | 1308 | 1308 | 19953 | 0 |
| 23 | तमिलनाडु | 54439 | 54439 | 2691208 | 762496 |
| 24 | तेलंगाना | 35700 | 35580 | 1739592 | 697173 |
| 25 | त्रिपुरा | 10145 | 9911 | 325855 | 173494 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 190145 | 189309 | 11582963 | 753734 |
| 27 | उत्तराखंड | 20067 | 20048 | 720624 | 263661 |
| 28 | पश्चिम बंगाल @* | 119481 | 119481 | 7200814 | 0 |
| 29 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 720 | 719 | 17217 | 7056 |
| 30 | चंडीगढ़ | 450 | 450 | 50937 | 26233 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 409 | 405 | 30507 | 15005 |
| 32 | दिल्ली | 10897 | 10755 | 641073 | 144233 |
| 33 | जम्मू और कश्मीर@ | 30765 | 28078 | 528934 | 0 |
| 34 | लद्दाख | 1173 | 1140 | 18250 | 3263 |
| 35 | लक्षद्वीप | 107 | 71 | 4230 | 1381 |
| 36 | पुद्दुचेरी | 855 | 855 | 32771 | 5257 |
| **कुल** | | **1399697** | **1389110** | **73691025** | **20043635** |

@ कोविड-19 के कारण आंगनवाड़ी केंद्र प्री-स्कूल शिक्षा नहीं चला सके

* 31 मार्च, 2021 तक उपलब्ध आंकडों के अनुसार

''आंगनवाड़ी केन्द्रों में सुविधाएं'' विषय पर श्री उत्तम कुमार रेड्डी और श्रीमती मंगल सुरेश अंगड़ी द्वारा दिनांक 01.04.2022 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 425 के भाग (ग) के उत्तर में पक्के भवनों, नल से पेयजल की आपूर्ति और शौचालय वाले आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या दर्शाते हुए अनुलग्नक

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | पक्के भवन वाले आंगनवाड़ी केंद्र | नल/पाइप लाइन से पेय जल आपूर्ति वाले एडब्ल्यूसी | शौचालय की सुविधा वाले आंगनवाड़ी केंद्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 55405 | 42604 | 40876 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 262 | 458 |
| 3 | असम | 61471 | 0 | 38896 |
| 4 | बिहार | 84503 | 0 | 111468 |
| 5 | छत्तीसगढ | 45621 | 2710 | 47435 |
| 6 | गोवा | 1259 | 875 | 1262 |
| 7 | गुजरात | 53027 | 52070 | 51465 |
| 8 | हरियाणा | 25962 | 25662 | 23349 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 17137 | 16751 | 18770 |
| 10 | झारखंड | 31377 | 3584 | 25547 |
| 11 | कर्नाटक | 56519 | 58597 | 52393 |
| 12 | केरल | 33075 | 14835 | 32762 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 91982 | 8608 | 94018 |
| 14 | महाराष्ट्र | 99702 | 62119 | 56336 |
| 15 | मणिपुर | 1474 | 1847 | 5017 |
| 16 | मेघालय | 5711 | 1969 | 5587 |
| 17 | मिजोरम | 2244 | 753 | 2055 |
| 18 | नागालैंड | 284 | 150 | 1654 |
| 19 | उड़ीसा | 73172 | 5658 | 32728 |
| 20 | पंजाब | 27304 | 27231 | 24768 |
| 21 | राजस्थान | 61625 | 48784 | 32527 |
| 22 | सिक्किम | 1308 | 851 | 1306 |
| 23 | तमिलनाडु | 43664 | 39453 | 46540 |
| 24 | तेलंगाना | 29522 | 23070 | 17508 |
| 25 | त्रिपुरा | 9911 | 3245 | 8272 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 188982 | 34715 | 176091 |
| 27 | उत्तराखंड | 20020 | 16649 | 16454 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 97541 | एनआर | 98597 |
| 29 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 652 | 662 | 673 |
| 30 | चंडीगढ़ | 450 | 450 | 450 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 351 | 405 | 405 |
| 32 | दिल्ली | 10740 | 8585 | 10754 |
| 33 | जम्मू और कश्मीर | 22280 | 25310 | 23482 |
| 34 | लद्दाख | 474 | 395 | 1089 |
| 35 | लक्षद्वीप | 71 | 71 | 71 |
| 36 | पुद्दुचेरी | 855 | 765 | 780 |
| **कुल** | | **1255675** | **529695** | **1101843** |

एनआर – सूचित नहीं किया गया है

**अनुलग्नक-III**

**आंगनवाड़ी केन्द्रों में सुविधाएं विषय पर श्री उत्तम कुमार रेड्डी और श्रीमती मंगल सुरेश अंगड़ी द्वारा दिनांक 01.04.2022 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 425 के भाग (ड.) के उत्तर में आंगनवाड़ी सेवा स्कीम के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार खाद्यान्न आवंटन दर्शाते हुए अनुलग्नक**

(मीट्रिक टन में)

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | वित्त वर्ष 2021-22 के लिए कुल आवंटन | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | गेहूं | चावल | पौष्टिक चावल | बाजरा |
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 0 | 103 | 301 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 25228 | 10749 | 32247 | 0 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | असम | 0 | 22549 | 42832 | 0 |
| 5 | बिहार | 0 | 5040 | 51169 | 0 |
| 6 | चंडीगढ़ | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | छत्तीसगढ | 32920 | 3588 | 10414 | 0 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 434 | 98 | 429 | 0 |
| 9 | दिल्ली | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | गोवा | 44 | 766 | 710 | 0 |
| 11 | गुजरात | 83309 | 3737 | 0 | 0 |
| 12 | हरियाणा | 26479 | 2252 | 7031 | 1980 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 8093 | 2043 | 1920 | 0 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 0 | 5149 | 12275 | 0 |
| 15 | झारखंड | 13602 | 28690 | 27692 | 0 |
| 16 | कर्नाटक | 15782 | 24234 | 71622 | 0 |
| 17 | केरल | 13220 | 2003 | 6009 | 0 |
| 18 | लद्दाख | 0 | 62 | 172 | 0 |
| 19 | लक्षद्वीप | 0 | 10 | 0 | 0 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 117506 | 22777 | 19980 | 0 |
| 21 | महाराष्ट्र | 142665 | 10097 | 30921 | 0 |
| 22 | मणिपुर | 0 | 6501 | 5882 | 0 |
| 23 | मेघालय | 4168 | 3098 | 8710 | 0 |
| 24 | मिजोरम | 754 | 263 | 759 | 0 |
| 25 | नागालैंड | 0 | 3633 | 8401 | 0 |
| 26 | उड़ीसा | 54726 | 20908 | 20907 | 0 |
| 27 | पुद्दुचेरी | 0 | 0 | 240 | 0 |
| 28 | पंजाब | 17648 | 1823 | 5469 | 0 |
| 29 | राजस्थान | 71470 | 18756 | 52668 | 0 |
| 30 | सिक्किम | 426 | 0 | 56 | 0 |
| 31 | तमिलनाडु | 53840 | 6929 | 20787 | 0 |
| 32 | तेलंगाना | 19156 | 6545 | 19635 | 0 |
| 33 | त्रिपुरा | 0 | 2711 | 7973 | 0 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 240124 | 55461 | 166383 | 0 |
| 35 | उत्तराखंड | 11334 | 0 | 0 | 0 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 0 | 62314 | 98368 | 0 |
| | **कुल** | **952928** | **332889** | **731962** | **1980** |